# डीबीटी - राष्ट्रीय पादप जीनोम अनुसंधान संस्थान
# (समाचार पत्र)

**अंक – 2020 - 07 (अक्टूबर – दिसंबर)** **वेबसाइट :** http://www.nipgr.ac.in



## समाचार पत्र के इस अंक में

- कार्यक्रम / आयोजन / विशेष चर्चाएँ
- सम्मान / पुरस्कार / उपलब्धियां
- पीएच.डी. डिग्री अवार्ड
- विज्ञान संचार एवं आउटरीच








**संपर्क करें:**
श्री रत्नेश्वर ठाकुर (संपादक)
ईमेल: social@nipgr.ac.in,
टेलीफ़ोन नं. 011-26735251 (एक्सटेंशन: 251)

**सोशल मीडिया पर फॉलो करें:**
facebook @NIPGR
twitter @NIPGRsocial






## कार्यक्रम / आयोजन / विशेष चर्चाएँ




**आईआईएसएफ 2020 महोत्सव:** 6वें भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ) 2020 का आयोजन 22-25 दिसंबर, 2020 के दौरान "साइंस फॉर सेल्फ-रिलायंट इंडिया और ग्लोबल वेलफेयर" थीम के साथ किया गया। इस अवसर पर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लांट जीनोम रिसर्च, नई दिल्ली (एनआईपीजीआर) ने14 दिसंबर, 2020 को कर्टन रेज़र कार्यक्रम आयोजित किया।



**एनआईपीजीआर स्थापना दिवस व्याख्यान:** डॉ. डेटलेफ वीगेल फॉरमम्‍र्स, कार्यकारी निदेशक, मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर डेवलपमेंटल बायोलॉजी, जर्मनी ने स्थापना दिवस के अवसर पर दिसंबर 18, 2020 को प्रो.जेसी बोस स्मारक व्याखान दिया।





**"फूड, न्यूट्रिशन एंड हेल्थ" वेबिनार (नवंबर 27, 2020)**: डीबीटी-एनआईपीजीआर ने नेशनल एग्री-फूड बायोटेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (NABI), मोहाली और इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज (ILS), भुवनेश्वर के सहयोग से नवंबर 27, 2020 को "फूड, न्यूट्रिशन एंड हेल्थ" पर वेबिनार का आयोजन किया।






**संविधान दिवस (नवंबर 27, 2020):** संविधान दिवस (Constitution Day) के अवसर पर संस्थान के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ लिया गया ।






# कार्यक्रम / आयोजन / विशेष चर्चाएँ




**SciEfflux-2020:** डीबीटी-एनआईपीजीआर ने नवंबर 25-26, 2020 के दौरान वार्षिक छात्र अनुसंधान संगोष्ठी "SciEfflux-2020" का आयोजन किया।



**सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा (अक्टूबर 28, 2020):**
अक्टूबर 27, 2020 से नवंबर 2, 2020 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह के रूप में मनाया गया तथा इस उपलक्ष्य में संस्थान के आधिकारियों और कर्मचारियों ने "सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा"(**Integrity Pledge**) ली ।




**कोविड 19 के खिलाफ अभियान:** माननीय प्रधानमंत्री के #Unite2FightCorona के जन आंदोलन में डीबीटी-एनआईपीजीआर ने भाग लिया। इस उपलक्ष्य पर कर्मचारियों ने प्रतिज्ञा लिया कि -


1.सार्वजनिक स्थलों पर सदैव मॉस्क पहनेंगे।
2.दूसरों से कम-से-कम 2 गज की दूरी बनाकर रखेंगे।
3.हाथों को नियमित रूप से साबुन और पानी से धोएंगे।




**"पोषण: कोविड 19 से निपटने के लिए एक हथियार" वेबिनार:** डीबीटी-एनआईपीजीआर, द्वारा एनएएसआई, प्रयागराज के साथ संयुक्त रूप से अक्टूबर 01, 2020 **को "पोषण: कोविड 19 से निपटने के लिए एक हथियार"** विषय पर एक सार्वजनिक वेबिनार का आयोजन किया गया।

**हिंदी कार्यशाला:** अक्टूबर -दिसंबर 2020 तिमाही के दौरान निम्नलिखित कार्यशाला का आयोजन किया गया :-
(क) नवंबर 19, 2020 को श्री ओम प्रकाश साह, कनिष्ठ हिंदी अनुवादक, रा.पा.जी.अनु.सं. द्वारा 'हिंदी टंकण' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

(ख) दिसंबर 17, 2020 को श्री पवन कौंडल, सहायक संपादक, भारतीय जनसंचार संस्थान, नई दिल्ली, द्वारा राजभाषा अधिनियम और डिजिटल सामग्री में हिंदी की भूमिका विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया ।






## सम्मान / पुरस्कार / उपलब्धियां



डॉ. गोपालजी झा (वैज्ञानिक, डीबीटी-एनआईपीजीआर) को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रतिष्ठित **"स्वर्णजयंती। फेलोशिप (2019 - 2020)"** के लिए चुना गया।



डॉ. ऐश्वर्या लक्ष्मी (वैज्ञानिक, एनआईपीजीआर) को वर्ष 2021 के लिए भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के फैलो के रूप में चुना गया।

6-7 दिसंबर 2020 से आयोजित इंटरनेशनल प्लांट फिजियोलॉजी वर्चुअल कॉन्फ्रेंस 2020 में डॉ. ऐश्वर्या लक्ष्मी की टीम को सर्वश्रेष्ठ पोस्टर का पुरस्कार मिला।





श्री ज्योतिर्मय माथन को " फर्स्ट ब्राज़ीलियन सिम्पोजियम ऑन फोटोसिंथेसिस : पर्सपेक्टिव्स टू इम्प्रूव फोटोसिंथेटिक एफिशिएंसी इन ए क्लाइमेट चेंज सिनेरियो" में अक्टूबर 27 - 30, 2020 के दौरान सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति पुरस्कार मिला।



डॉ. रोशन कुमार को कृषि विज्ञान में आईएनएसए यंग साइंटिस्ट अवार्ड 2020 से सम्मानित किया गया।



डॉ. उरोज फ़ातिमा को "इंटरनेशनल प्लांट फ़िज़ियोलॉजी वर्चुअल कॉन्फ्रेंस -2020" के अवसर पर नई दिल्ली के इंडियन सोसाइटी ऑफ़ प्लांट फिजियोलॉजी (आईएसपीपी) नई दिल्ली की ओर से युवा वैज्ञानिक पुरस्कार प्राप्त हुआ।






## सम्मान / पुरस्कार / उपलब्धियां



डॉ. दुर्गा माधब स्वैन को पादप विज्ञान, कृषि और पर्यावरण के क्षेत्र में NASI- यंग साइंटिस्ट प्लैटिनम जुबली अवार्ड मिला।



IPPVC-2020

International Plant Physiology Virtual Conference

Best Poster Award-2020

Jyotirmaya Mathan, Anuradha Singh, Vikram Jathar and Aashish Ranjan, National Institute of Plant Genome Research, New Delhi, India for poster presentation in the thematic area "Genomics & Phenomics Assisted Crop Improvement" at International Plant Physiology Virtual Conference organized by the Indian Society for Plant Physiology in collaboration with Sher-e-Kashmir University of Agricultural Sciences & Technology, Jammu, India from 6 – 7 December, 2020.

(Dr. V. Chinnusamy)
Hon. Secretary, ISPP

Gurdev Chand
Convenor, IPPVC-2020

दिसंबर 6-7, 2020 के दौरान इंडियन सोसाइटी ऑफ प्लांट फिजियोलॉजी एवं एसकेएयूएसटी, जम्मू द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्लांट फिजियोलॉजी वर्चुअल कॉन्फ्रेंस में श्री ज्योतिर्मय माथन को सर्वश्रेष्ठ पोस्टर पुरस्कार - 2020 प्राप्त हुआ।



डॉ. प्रकाश कुमार भगत को "इंटरनेशनल प्लांट फ़िज़ियोलॉजी वर्चुअल कॉन्फ्रेंस -2020" के अवसर पर नई दिल्ली के इंडियन सोसाइटी ऑफ़ प्लांट फिजियोलॉजी (आईएसपीपी) नई दिल्ली की ओर से सर्वश्रेष्ठ जूनियर वैज्ञानिक का पुरस्कार मिला।



डॉ. दीपिका शर्मा को वर्ष 2020 के लिए पादप विज्ञान के क्षेत्र में एनएएसआई यंग साइंटिस्ट प्लेटिनम जुबली पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।



श्री विक्रम जाठर को नवंबर 20-21, 2020 के दौरान सोसायटी ऑफ प्लांट बायोकेमिस्ट्री एंड बायोटेक्नोलॉजी एंड बीआईटीएस, पिलानी, गोवा द्वारा संयुक्त रूप से "करंट ट्रेंड्स एंड चैलेंज इन प्लांट बायोकेमिस्ट्री एंड बायोटेक्नोलॉजी" पर नेशनल वर्चुअल कॉन्फ्रेंस में प्लांट बायोलॉजी (2020) में एसपीबीबी - यंग इन्वेस्टिगेटर अवार्ड मिला।

## सम्मान / पुरस्कार / उपलब्धियां

**संस्थान की 23 वें स्थापना दिवस के अवसर पर संस्थान में आयोजित कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं के चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया:-**

❖ सुश्री श्रेया गुप्ता, (प्रथम वर्ष पीएचडी छात्र) को पीएच.डी कोर्स वर्क 2019-20 में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने पर मैडल एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

❖ सुश्री लोइतोंगबाम लोरिंडा देवी (द्वितीय वर्ष पीएच.डी. छात्र) को सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक प्रस्तुति (साइ फ्लक्स -2020) हेतु मैडल एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

❖ सुश्री उदिता बसु (चतुर्थ वर्ष पीएच.डी. छात्र) को सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक प्रस्तुति (साइ फ्लक्स -2020) हेतु मैडल एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

❖ डॉ. अंगद कुमार को सर्वश्रेष्ठ आलेख पुरस्कार 1, 2020 हेतु नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

❖ डॉ. हितैषी खांडल को सर्वश्रेष्ठ आलेख पुरस्कार 2, 2020 हेतु नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

❖ डॉ. सोनिया बाल्यान, डॉ. सोमबीर राव, सुश्री सरिता झा को सर्वश्रेष्ठ आलेख पुरस्कार 3 , 2020 हेतु नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

❖ सुश्री पूनम पांचाल (संयोजक), श्री संजय (सह-संयोजक) को साइ फ्लक्स -2020 के आयोजन हेतु प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

❖ हिंदी पखवाडा /दिवस 2020 में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में सुश्री ज्योति मौर्या ने प्रथम तथा डॉ. आकांक्षा वाणी ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया ।

❖ हिंदी पखवाडा /दिवस 2020 में आयोजित काव्यपाठ प्रतियोगिता में श्री मोहित ने प्रथम तथा सुश्री जयश्री रुबीना दास ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया ।

## पीएच.डी. डिग्री अवार्ड

1. सुश्री पूजा चौधरी (पीएच.डी. छात्रा) को **"स्टडी ऑफ़ पैथो-स्ट्रेस रिस्पॉन्सिव नुक्लेअर प्रोटेओम एंड स्टोरेज प्रोटीन मेडिएटेड सेलुलर रिमॉडलिंग इन राइस (ओरीज़ा सत्वा एल): ए फंक्शनल प्रोटोमिक्स एप्रोच"** नामक उनके शोध कार्य के लिए पीएच.डी. डिग्री से अक्टूबर 06, 2020 को सम्मानित किया गया । उन्होंने यह शोध कार्य डॉ शुभ्रा चक्रवर्ती, (निदेशक) के पर्यवेक्षण में पूरा किया है ।

2. श्री अमीष कुमार (पीएच.डी. छात्र) को "स्ट्रक्चरल एंड फंक्शनल इवैल्यूएशन ऑफ़ प्लांट जीन फैमिलीज़ एन्कोडिंग प्रोटीन्स विद हिस्टोन फोल्ड मोटिफ" नामक उनके शोध कार्य के लिए पीएच.डी. डिग्री से नवंबर 18, 2020 को सम्मानित किया गया । उन्होंने यह शोध कार्य डॉ. गीतांजलि यादव, (वैज्ञानिक) के पर्यवेक्षण में पूरा किया है।

# विज्ञान संचार एवं आउटरीच



डीबीटी-एनआईपीजीआर ने कैंब्रिज विश्वविद्यालय, आईएनवाईएएस (INYAS) , डीएसटी किरण डिवीजन (DST KIRAN Division) और रिच तेलंगाना (RICH Telangana) के सहयोग से विज्ञान में महिलाओं के लिए विशेष रूप से डेटा साइंस वर्कशॉप का आयोजन किया। वी- विद्या (We-VIDYA) श्रृंखला का उद्देश्य डेटा साइंस में उच्च गुणवत्ता वाले इंटरैक्टिव ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के माध्यम से **AI** में भारतीय महिलाओं को प्रशिक्षित करने के लिए कोर और विशेष कौशल प्रदान करना है।